-प्रेस नोट-

जनपद-मीरजापुर

दिनांक-21.07.2021

थाना को0 कटरा पुलिस द्वारा चोरी के अभियोग से संबंधित दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी का सामान बरामद-

अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना को0 कटरा पुलिस द्वारा चोरी के अभियोग से संबंधित दो वांछित अभियुक्तो को गिरफ्तार किया गया। दिनांक 20.07.2021 को प्रदीप कुमार जयसवाल पुत्र फूलचन्द्र निवासी जग्गी रोड थाना को0 कटरा मीरजापुर द्वारा थाना को0 कटरा पर नामजद अभियुक्तो के विरुद्ध वादी के मैरेज हाल का ताला तोड़कर पंखा चुरा ले जाने के संबंध में अभियोग पंजीकृत कराया गया था। उक्त अभियोग की विवेचना एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के क्रम में त्वरित कार्यवाही करते हुए दिनांक 21.07.2021 को उ0नि0 रवि प्रकाश उ0नि0 संजीव सिंह मय हमराह हे0का प्रमोद कुमार, हे0का रविप्रकाश द्वारा प्राप्त मुखबीर की सूचना के आधार पर नटबीर चौराहा के पास से अभियुक्त प्रदुम्न पुत्र नंदलाल निवासी रूक्खड़ घाट थाना को0 कटरा मीरजापुर व अन्य बाल अपचारी को समय 10.40 बजे गिरफ्तार किया गया, जिनके कब्जे से प्लास्टिक बोरियो में 04 अदद सिलिंग फैन बरामद कर, गिरफ्तार अभियुक्तो को किशोर न्याय बोर्ड/मा0न्यायालय भेजा गया।